# बीना-रहली में अवैध भंडारण पर रिपोर्ट

## अवैध रूप से उर्वरक का भंडारण करने वाले यूपी के व्यापारी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. रहली अनुभाग अंतर्गत ग्राम खमरिया में खाद का अवैध भंडारण पाए जाने से 350 बोरी खाद और एक वाहन जप्त किया गया. उक्त कार्य में संलग्न पंकज दुबे निवासी खमरिया, सोमवती तिवारी निवासी खमरिया और मेसर्स पी के ट्रेडर्स जिला शामली उप्र के विरुद्ध पुलिस थाना रहली में एफआईआर दर्ज कराई गई है.**

प्रथम सूचना रिपोर्ट के अनुसार सोमवती तिवारी एवं पंकज दुबे खमरिया रहली एवं मेसर्स पी.के ट्रेडर्स मोहल्ला खेलकलां, ईदगाह कैराना जिला शामली यू.पी. के विरूद्ध अवैध रूप से उर्वरक भंडारण करने पर थाना रहली में एफआईआर दर्ज की गई है. मिली जानकारी के अनुसार तहसीलदार रहली के नेतृत्व में कृषि विभाग एवं पुलिस की संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही में पाया गया कि इफको कंपनी का लगभग 50 बोरी डी.ए.पी. अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था, जिसको जप्त कर थाना रहली में रखवाया गया. ड्राईवर इन्द्रजीत सिंह द्वारा वाहन से 50 बोरी भाड़े में सोमवती तिवारी खमरिया के घर से लाद कर महान्द्रा पुल पर जाना था. संबंधित के घर पर तहसीलदार, पुलिस एवं कृषि विभाग के द्वारा छापे की कार्यवाही की गई, जिसमें लगभग 300 बोरी जिप्सम ग्रेन्युल्स की पाई गई.

उक्त उर्वरक की खरीदी की जांच में संबंधित के द्वारा मेसर्स पी.के. ट्रेडर्स मोहल्ला खेलकला ईदगाह, कैराना जिला शामली यू.पी का टेक्स ईवाईस जिसमें उल्लेख है कि कृषि सम्पदा केंद्र रहली के नाम से इनवॉयस देयक काटा गया है. जबकि रहली में इस नाम से कोई भी उर्वरक विक्रेता फर्म वर्तमान में नहीं है. अवैध रूप से भंडारित उर्वरक की मात्रा लगभग 300 बोरी जप्त कर सोमवती तिवारी खमरिया के सुपुर्द किया गया एवं अन्य जप्त डी ए पी की 50 बोरी पुलिस अभीरक्षा मे रखा गया है. दोनो जगह से जप्त किये गये उर्वरक डीएपी का एवं जिप्सम ग्रेन्युअल का सेंपल लिया जाकर कार्यवाही कर जांच हेतु उप संचालक कृषि को प्रेषित किए गए.

### बगैर लाइसेंस व बगैर दस्तावेज के मिला खाद



**सागर.** ग्राम भानगढ़ में डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण करने पर एसडीएम बीना विजय डेहरिया एवं उर्वरक निरीक्षक दीपेश मोघे के द्वारा कार्यवाही की गई. निरीक्षण करने पर विद्यासागर हार्डवेयर, भानगढ़ के सामने स्थित दुकान में अवैध उर्वरक डीएपी लगभग 100 बोरी रखा पाया गया तथा ग्राम भानगढ़ में ही खिमलासा रोड पर शासकीय जमीन पर बने अवैध मकान में अनुमानित 150 बोरी डीएपी उर्वरक रखा पाया गया. एसडीएम एवं उनकी टीम के समक्ष, कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा उर्वरक के सैंपल लिए गए. अवैध मकान के कब्जाधारी ओमप्रकाश कुर्मी के कथन लिए गए. ओमप्रकाश द्वारा बताया गया कि मकान, अनिल कुमार जैन उर्फ पप्पू सेठ को किराए पर दिया है तथा बताया गया कि पप्पू सेठ द्वारा मकान किराये पर लेकर अवैध रूप से विक्रय करने के लिए डीएपी का भंडारण किया गया है. उर्वरक का भंडारण केनरा बैंक के सामने, शटर में भी अवैध रूप से किया गया है जो सुरेन्द्र जैन द्वारा उनके स्वामित्व का बताया है. बिना लाइसेंस एवं बिना किसी वैध दस्तावेजों के अवैध रूप से उर्वरक भंडारण उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के उपबंधों का स्पष्ट उल्लंघन करना पाया गया.

# प्राइवेट बैंक के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया, खातेदारों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**रहली 17 सितंबर. वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के ग्राम खापा, पटना महली सहित अन्य ग्रामों के लोग जो एचडीएफसी बैंक के खाताधारी है. सभी एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एचडीएफसी बैंक शाखा रहली के कर्मचारियों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए शिकायती आवेदन सौंपा.**

आवेदक श्याम अहिरवार के साथ आये ग्रामीणों ने बताया कि विस्थापन के दौरान वन विभाग व कलेक्ट्रेट सागर द्वारा एचडीएफसी बैंक में ही खाता खोलने को कहा गया था जिसके बाद सभी विस्थापितों खाता खुलवा लिया. जिसके बाद शासन से प्राप्त 15-15 लाख की राशि के चेक लगाए. जिसमें कुछ राशि निकाल ली और शेष खातों में ही रही. अब बैंक द्वारा न तो राशि की जानकारी दी जा रही हैं और न वह राशि निकाल पा रहें हैं. बैंक मैनेजर द्वारा जानकारी दी गई की राशि की एफडी बना दी गई है लेकिन अब जब एफडी तोड़ कर राशि निकलना चाह रहें हैं तो वह भी नहीं निकाल पा रहे हैं,नाही दी गई, पास बुक पर एंट्री कर रहें हैं. ऐसे में हम सभी ग्रामीण ठगा सा महसूस कर रहें हैं. ग्रामीणों द्वारा एचडीएफसी शाखा की जांच की मांग की गई हैं.

उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष से भी अधिक समय से खाताधारियों के साथ यह खेल खेला जा रहा है. पिछले दिनों कुछ लोगों ने इस बात को लेकर जब पत्रकारों से चर्चा की. जब पत्रकार जानकारी लेने पहुंचे तो बैंक शाखा प्रबंधक ने इसे इसे क्लेरिकल मिस्टेक बताकर शीघ्र ही खातेदारों के पैसे मिल जाने की बात कही थी. बैंक में जो भी खातेदार स्किल का शिकार हो रहे है और समझते जा रहे हैं, वह अपने खाते भी या तो बंद कर देते हैं या जमा खर्च नहीं कर रहे हैं. इस प्रकरण में शाखा प्रबंधक को समुचित जानकारियां होने के बावजूद भी लंबे समय से इस कारोबार पर पाबंदी न लगा पाने में अपनी मिली भगत भी प्रमाणित कर रहे है.

**कुलदीप पाराशर एसडीएम** का कहना है कि ग्रामीण अंचल के कुछेक खाताधारी किसान एचडीएफसी बैंक शाखा रहली की शिकायत लेकर आये थे, बैंक को विभिन्न बिंदुओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए पत्र जारी किया गया हैं, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई लिए भेजा जाएगा.

## एक नजर में



### सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सफाई की

**गौरझामर.** सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ देवरी विधायक बृजबिहारी पटेरिया ने किया. समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्राम के वरिष्ठ जनों ने हनुमान मंदिर से बस स्टैंड परिसर व नगर के विभिन्न मार्गो तक स्वच्छता अभियान के तहत झाडू लगाई व सभी दुकानदारों को श्री पटेरिया द्वारा स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई कि सभी लोग अपनी-अपनी दुकानों के सामने डस्टबिन रखें वह खुले में गंदगी ना फैलाएं. विधायक श्री पटेरिया द्वारा जगह-जगह स्वच्छता अभियान चलाया व समस्याओं को सुना.



### गर्ल्स कॉलेज में स्वच्छता रैली निकाली गई

**सागर.** शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वच्छता रैली तथा सेवकों के द्वारा परिसर में स्वच्छता की गई. रासेयो प्रभारी डॉ सरिता जैन ने छात्राओं को स्वच्छता पर शपथ दिलाई. प्राचार्य डॉ डीके गुप्ता ने स्वच्छता पर नारे लगा कर जनता को जागृत किया. रैली में वैशाली जाटव, शिवानी कोरी, नीलम, शिवा विश्वकर्मा, प्रार्थना, जया आदि उपस्थिति दी.



### भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव संपन्न

**रहली.** नगर और क्षेत्र में निर्वासित विश्वकर्मा समाज ने भगवान विश्वकर्मा का पूजन महोत्सव मनाया गया. विश्वकर्मा युवा संगठन रहली के युवाओं ने रहली एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की समाज को साथ लेकर खाकी बाबा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में हवन एवं पूजन किया गया. संगीत मय विश्वकर्मा पुराण का वाचन किया गया. भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा निकाली गई.



### सीएचसी में जांच शिविर का उद्घाटन

**बंडा.** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मुक्ति धाम में श्रमदान के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षरोपण किया. सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत चलने वाले महिलाओं के लिए जांच शिविर का विधायक वीरेंद्र सिंह लंबरदार ने शुभारंभ किया. कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जाहर सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष वैभव राज कुकरेले, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विवेक मिश्रा ,महेंद्र जैन, जाहर सिंह, राकेश जैन, उमेश जैन, महेंद्र महुना, प्रवीण जैन, अनिरुद्ध सिंह, पीडी राठौर, रफीक सिद्दीकी, महेन्द्र लोधी, शीला लोधी, सैयम जैन, रुपेश रोशन खरे, अशोक राय, रविकांत तिवारी, पुरुषोत्तम दुबे, मयंक रावत उपस्थित रहे.

### खेल परिसर के खिलाड़ियों ने किया रक्तदान



**सागर.** जिला चिकित्सालय में आयोजित स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में खेल परिसर के खिलाड़ियों ने प्रशिक्षक श्रीमती संगीता सिंह एवं रंजीत बैन के नेतृत्व में रक्तदान किया. कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय के डॉ.मुकेश जैन एवं खेल विभाग से श्यामलाल पाल एवं हेमंत प्रजापति एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे.

# आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर शुरू




नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब ने स्वर्णिम सांस्कृतिक गरबा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.**

पीटीएस एसपी श्रीमती लवली सोनी के सहयोग से आयोजित शिविर में 100 से अधिक लड़कियों और महिलाओं ने भाग लिया. इंस्पेक्टर अफरोज खान और उनकी टीम कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे और प्रशिक्षण प्रदान किया.इस दौरान अध्यक्ष आशीष सिंह, सचिव नितिन साहू, जीएल अग्रवाल, एड. वीनू राणा, देवेश गर्ग, शरद पोद्दार और सौरभ रांधेलिया, रविंद्र ठाकुर, अंकित जैन, अदिति ठाकुर, बृजेंद्र ठाकुर ने भूमिका निभाई.

# स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. माताओं, बहनों के स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए सरकार के पास पैसों की कमी नहीं है एवं माताएं, बहने परिवार और राष्ट्र की धुरी हैं, महिलाओं के विकास से ही देश का विकास संभव है.**

उक्त विचार खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय परिसर में व्यक्त किए. इस अवसर पर सांसद श्रीमती लता वानखेड़े ने कहा कि




स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार महिला स्वास्थ्य पर जागरूकता अभियान देश का बड़ा अभियान है. विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि शीघ्र ही कैंसर अस्पताल एवं हृदय रोग का इलाज शुरू होगा. स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त समाज की नींव है. जेडी हेल्थ डॉ. नीना गिडियन ने जानकारी दी.

इस अवसर जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ननि अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, कमिश्नर अनिल सुचारी, कलेक्टर संदीप जी.आर, सीएमएचओ डॉ ममता तिमोरी आदि मौजूद रहे.

### क्षत्रिय महासभा की रैली व ज्ञापन 29 सितंबर को

**सागर.** नगर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 1 करोड़ लागत से स्वीकृत हुई प्रतिमा स्थापना की मांग को लेकर क्षत्रिय महासभा 29 सितंबर को सागर में रैली निकाल कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देगा. यह निर्णय आयोजित हुई क्षत्रिय महासभा की बैठक में लिया गया है. क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लखन सिंह ने बताया कि 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे संपूर्ण जिले से क्षत्रिय समाज के सदस्य तीनबत्ती स्थित म्यूनिसिपल स्कूल परिसर में एकत्रित होंगे. वहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे.

# मेडिकल स्टोरों पर नहीं मिल रहीं बिल बुक

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. जैसीनगर में मेडिकल स्टोर का निरीक्षण ड्रग इंस्पेक्टर सोनम जैन, तहसीलदार जैसीनगर हरीश लालवानी, पटवारी जैसीनगर एवं पुलिस बल की संयुक्त दल द्वारा किया गया.**

टीम के द्वारा गौरांग मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान बिल बुक नहीं पायी गयी एवं नारकोटिक्स दवाओं के बिल मोके पर प्रस्तुत नहीं किए गए, एक्सपायरी और फिजिशियन सैंपल दुकान पर पाए गए, दस्तावेज भी सही से संधारित नहीं पाए गए. जीसी मेडिकल स्टोर, बजाज मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया जिसमें बिल बुक नहीं पायी गयी. गुरुकृपा मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट दुकान पर उपस्थित नहीं था एवं दस्तावेज संबंधी अनियमतताएं पाए जाने पर मेडिकल स्टोर को बंद करवाया गया.



राहतगढ़ में मदीना मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया जिसमें नारकोटिक्स दवाओं के बिल प्रस्तुत नहीं किए गए. चौबे मेडिकल स्टोर में भी बिल बुक नहीं पायी गयी. ठाकुर मेडिकल स्टोर में लाइसेंस दुकान पर उपस्थित नहीं था एवं अन्य दस्तावेज़ संबंधी अनियमततायें पाए जाने पर मेडिकल स्टोर को बंद करवाया गया.

### कार्यकारिणी गठित

**राहतगढ़.** स्वामी कालकानंद समाधि स्थल परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई. विश्वकर्मा समाज के लोगों ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष हवन, पूजन किया.भजन कीर्तन के आयोजन के बाद भगवान विश्वकर्मा की आरती की गई. इस दौरान सर्वसम्मति विश्वकर्मा लोहकार समाज का गठन हुआ. अध्यक्ष रामबाबू विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष नंदू विश्वकर्मा को बनाया गया. इस दौरान रामेश्वर भारद्वाज, जगन्नाथ विश्वकर्मा, गोविंद विश्वकर्मा, गनेश विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम, रामनारायण, बालकृष्ण, रामेश्वर विश्वकर्मा, प्रकाश, सीताराम, रंजीत मौजूद रहे.

# निगमायुक्त सहित अन्य को नोटिस

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा जिले में हो रहे शासकीय कार्यों की समीक्षा साप्ताहिक रूप से समय सीमा बैठक में की जाती है.**

बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए है. आयोजित समय सीमा बैठक में बिना कोई पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर कलेक्टर ने कार्यवाही करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए.

### कारण बताओ नोटिस

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, उपसंचालक, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग राजेश त्रिपाठी, लोनिवि ईई साहित्य तिवारी,टीएनसीपी अपूर्वा गंगरेडे, डी.सी. होमगार्ड ललित कुमार उदय, सीओ जपं देवरी मनीषा चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी, हनौता सौरभ त्रिवेदी, सेतू ईई नवीन मल्होत्रा, पीआईयू ईई राजेश लिमजे, तहसीलदार, सागर ग्रामीण राहुल गौड़, एसडीएम सागर अदिति यादव, बीना विजय कुमार डेहरिया ईई अशोक मुखाती आदि शामिल हैं.



# रेलवे स्टेशन पर इमरजेंसी मेडिकल रूम की स्थापना हुई

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. रेल यात्रियों को यात्रा के दौरान चिकित्सा उपलब्ध कराने का प्रावधान है, रेल्वे चिकित्सालय के चिकित्सक एवं स्टाफ को अपनी नियमित ड्यूटी के अलावा काम करना पड़ता है.**

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा सागर स्टेशन पर इमरजेंसी मेडीकल रूम खोले जाने की मांग रखी गई थी. रेलवे स्टेशन पर सांसद डॉ लता वानखेड़े एवं विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा स्टेशन पर चिकित्सा कक्ष का लोकार्पण किया गया. कार्यक्रम में वेस्ट सेंट्रल रेल्वे मजदूर संघ के सचिव डॉ. शमशाद द्वारा सांसद के समक्ष रेल कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को रखा.

कार्यक्रम में राघवेन्द्र दीवान, रामेश्वर, आर.एस पाल, अखिलेश, राकेश शुक्ला, मो.अरशद, संजय गुप्ता, रामभरोसे अनुरागी, राहुल वर्मा, महिला विंग अध्यक्ष विद्या देवी उपस्थित रहे.

### आधार अपडेट करवाने भटक रही मासूम बच्ची

**गौरझामर.** ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक-19 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले कुलदीप नामदेव अपनी मासूम बच्ची सिद्धि नामदेव के आधार कार्ड अपडेट को लेकर दर-दर भटक रहे है. तीन वर्षों से परिवार के लोग भोपाल दिल्ली सागर कई बार अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं, फिर भी अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई. कुलदीप नामदेव ने बताया है कि मेरी बच्ची सिद्धि नामदेव जो सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में निशुल्क पढ़ाई कर रही है, स्कूल के द्वारा आधार कार्ड अपडेट को लेकर कहा जाता है. कई बार आधार कार्ड सेंटर पर जाकर अपडेट करवा रहे हैं, मगर अपडेट नहीं हो रहा. परिवार के सदस्य विधायक बृजबिहारी पटेरिया के यहां पहुंचे तो विधायक ने अनुशंसा से बच्ची स्कूल में पढ़ाई के लिखित में स्कूल को दिया गया है.

# थाने में आरक्षक और महिला के बीच कहासुनी

## वायरल वीडियो : बंडा थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे थे ग्रामीण

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. बंडा थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराने के दौरान थाने में पदस्थ महिला आरक्षक और ग्रामीण महिला के बीच कहासुनी हो गई. जिसकाएक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जिसकी नवभारत समाचार पत्र पुष्टि नहीं करता है. मगर पुलिस के बड़े अधिकारियों ने भी सोशल मीडिया पर जारी वीडियो को देखा है. मगर संबंधित महिला आरक्षक पर कोई कार्रवाई इसलिए नहीं की गई कि पीड़ित द्वारा अभद्रता की कोई शिकायत नहीं की गई है.**

जानकारी के अनुसार मामला ग्राम तिन्सुआ से सामने आया है.

इस संबंध में जब एसडीओपी बंडा प्रदीप बाल्मिकी से जानकारी ली तो उन्होने कहा कि वायरल वीडियो को आज ही देखा है, इस संबंध में उन्होने थाना प्रभारी से जानकारी ली तो बताया गया कि दोनों पक्ष थाने में ही राजीनामा कर वापिस चले गए थे.वहीं महिला आरक्षक द्वारा पीड़ित को अपमानित किए जाने संबंधी कोई शिकायत नहीं की गई है. मगर ऐसी कोई शिकायत आती है आगे की कार्रवाई की जावेगी.

जहां पर एक नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने परिजन बंडा थाने पहुंचे थे.

बताया गया है कि परिवार को उम्मीद थी कि थाने में उनकी फरियाद सुनी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी. वायरल वीडियो में पीड़ित परिवार थाने के बाहर खड़ा है और न्याय की गुहार लगा रहा है. इस दौरान जब एक महिला कहती है कि मेरी लड़की मर गई तो मौके पर मौजूद महिला आरक्षक ने उसका मुंह दबाने की कोशिश की. पीड़ित परिवार का कहना है कि जब शिकायत दर्ज कराने गए तो पुलिस ने गंभीरता से सुनने की बजाय अपमानित किया.

स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन से मांग की जा रही है कि संबंधित महिला आरक्षक पर तत्काल कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार की शिकायत दर्ज कर उन्हें न्याय दिलाया जाए.

# नवीन स्टैंडों पर बसों को रोकना पड़ेगा

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. भोपाल रोड स्थित नवीन बस स्टेंड पर यात्री बसों का स्टापेज किये जाने के संबंध में बस संचालकों की बैठक आयोजित की गई.**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई एवं बताया गया कि सागर-भोपाल मार्ग पर संचालित होने वाली समस्त यात्री बसें भोपाल रोड स्थित नवीन बस स्टेंड परिसर में रूकेगी तत्पश्चात् वह अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना होगी. यदि उक्त मार्ग पर संचालित होने वाली यात्री बसें नवीन बस स्टेंड पर नहीं रूकती है, तो चालानी/परमिट निरस्ती की कार्यवाही की जावेगी. जिस पर बस आपरेटरों द्वारा सहमति व्यक्त की गई है.

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने निर्देशित किया कि प्राय: यह देखने में आया है कि मुख्य बस स्टेंड के आसपास के व्यस्ततम क्षेत्रों में यात्री बसों की पार्किंग की जाती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है, एवं शहरी क्षेत्र में दुर्घटना होने की स्थिति बनी रहती है. शहरी क्षेत्र में व मैन बस स्टेंड के आसपास यात्री बसों को खड़ा न किया जावे, यदि चैकिंग के दौरान नियम विरूद्ध तरीके के खड़ी पाये जाने वाली यात्री बसों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी. क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के बस आपरेटरों को निर्देशित किया गया कि वह अपने यात्री बसों के स्टाफ को यह आदेशित करे कि वह आरटीओ कार्यालय के समीप स्थित नवनिर्मित बस स्टेंड पर सिलवानी, जैसीनगर मार्ग पर संचालित होने वाली समस्त यात्री बसों को नवीन बस स्टेंड पर रोकें. बैठक में बस आपरेटर अतुल कुमार दुबे, रोहित पांडे, तारिक कुरैशी, उत्तम सिंह, इलियास खान,विनोद भट्ट, सलीम कुरैशी आदि उपस्थित थे.

### शांति समिति की बैठक 19 सितंबर को होगी

**सागर.** कलेक्टर संदीप जी.आर की अध्यक्षता में नवरात्रि दशहरा (विजया दशमी) एवं आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में शांति, सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 19 सितंबर को सायं 5 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी.

बैठक में समिति के सभी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं एवं संबंधित अधिकारी शामिल होंगे जिसमें आगामी पर्वों की तैयारियों, जुलूस, शोभा यात्राओं, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी.

# स्वच्छता की शपथ दिलाई गई



नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. नगर निगम द्वारा स्वच्छोत्सव थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ हुआ.**

इस दौरान विधायक शैलेंद्र जैन, महापौर संगीता सुशील तिवारी, जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, ननि वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा की धुलाई एवं बस स्टैंड के आसपास स्वच्छता श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा शपथ दिलाई. इस अवसर पर अनूप उर्मिल, शैलेंद्र ठाकुर, धमेंद्र खटीक, मेघा दुबे, संगीता जैन, रीतेश तिवारी, नीरज कोरी, वैदेही पुरोहित, रुबी पटेल, अनीता रामू ठेकेदार, जिनेश साहू आदि मौजूद थे.